राजस्थान CET स्नातक स्तर 2024 (कोड A15)

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

नीचे दिए गए विकल्पों में से पहले दो शब्दों के संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द के लिए नीचे दिए गए विकल्पों से सबसे उपयुक्त शब्द चुनिए:
पर्वत: पहाड़: : पेड़: ?

(A) पत्ती
(B) झाड़ियाँ ✓
(C) जंगल
(D) वर्षा

Q.2

विषम का चयन करें।

(A) कोरिया ✓
(B) पोलैंड
(C) ग्रीस
(D) फ्रांस

Q.3

यदि किसी कोड में O को L, A को H, M को I, S को F, N को T, E को S, I को A, P को G एवं C को E लिखा जाता है, तो इस कोड में COMPANIES को कैसे लिखा जाएगा?

(A) ELIGHSBSF
(B) ELGHITASF
(C) ELIGHATFS
(D) ELIGHTASF ✓

Q.4

राजस्थान का राज्य पक्षी कौन सा है?

(A) भारतीय रोलर
(B) मोर
(C) गोदावान (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) ✓
(D) नीलकंठ

Q.5

अरावली श्रृंखला के निम्नलिखित शिखरों में सबसे ऊँची चोटी कौन सी है?

(A) जागरा
(B) कमलनाथ
(C) गुरुशिखर ✓
(D) रघुनाथगढ़

Q.6

'कालीसिन्ध तापीय ऊर्जा परियोजना' निम्नलिखित में से राजस्थान के किस क्षेत्र में स्थित है?
(निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) बाड़मेर
(B) कोटा
(C) झालावाड़ ✓
(D) बीकानेर

Q.7

नीचे दो कथन दिए गए हैं:
कथन (I) : चना राजस्थान में "रबी" फसल के रूप में उगाया जाता है।
कथन (II) : तिलहन राजस्थान में "रबी" और "खरीफ" दोनों मौसम में उगाए जाते हैं।
उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।

(A) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं। ✓
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।
(C) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(D) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।

Q.8

For the sentence given, choose the most appropriate answer in the passive voice from the options below:
My sister baked a cake.

(A) A cake was baked by my sister. ✓
(B) A cake was being baked by my sister.
(C) A cake had been baked by my sister.
(D) A cake is being baked by my sister.

Q.9

Complete the given sentence choosing the most appropriate word from the options below:
My brother is in the Indian Foreign Services and can speak many languages. He is a ____.

(A) Pessimist
(B) Polyglot ✓
(C) Philatelist
(D) Linguist

Q.10

Complete the given sentence choosing the most appropriate word from the options below:
She remarked that she ____ annoyed with him for his lack of sympathy for the victim.

(A) will feel
(B) felt ✓
(C) feeling
(D) feel

Q.11

निम्नलिखित में से कौन-सा औषधीय पौधा नहीं है?

(A) कोरचोरस कैप्सुलारिस ✓
(B) ओसिमम संक्टुम
(C) इम्बालिका ऑफिसिनालिस
(D) कुरकुमा लोंग

Q.12

'अश्वगंधा' पौधे के किस हिस्से का उपयोग दवाइयाँ बनाने हेतु उपयोग किया जाता है?

(A) पत्तियों का
(B) जड़ों का ✓
(C) फूलों का
(D) टहनी का

Q.13

प्राकृतिक रबर किसका बहुलक होता है-

(A) नियोप्रिन
(B) आइसोप्रीन ✓
(C) 1,3 ब्यूटाडाईईन
(D) ब्यूटा एन

Q.14

देश की स्वतंत्रता के पश्चात् राजपुताना के तीन राज्यों का भारतीय संघ में विलय ____ के तहत किया गया।

(A) इन्स्ट्रूमेन्ट ऑफ ऑब््लिगेशन
(B) इन्स्ट्रूमेन्ट ऑफ एक्सेशन ✓
(C) इन्स्ट्रूमेन्ट ऑफ इन्टीग्रेशन
(D) एक्सेशन इन्स्ट्रुमेन्ट लीग

Q.15

निम्नलिखित में से कृषि का कौन-सा संस्थागत कारक, कृषि की उत्पादकता और प्रारूप को प्रभावित करता है?

(A) अधीनस्थ कृषि क्षेत्र का आकार ✓
(B) स्थलाकृति
(C) रसायनिक उर्वरक
(D) फसल बीमा

Q.16

नरमा राजस्थान की किस फसल से सम्बन्धित है?

(A) चाय
(B) कॉफी
(C) जूट
(D) कपास ✓

Q.17

दार्जलिंग और सिक्किम हिमालय के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) यह उच्च पर्वत शिखरों का क्षेत्र है।
(B) इस क्षेत्र में वर्ष पर्यन्त वर्षा अच्छी प्रकार से वितरित है।
(C) ये पश्चिम में नेपाल हिमालय और पूर्व में भूटान हिमालय से घिरे हैं।
(D) इस क्षेत्र के उच्च स्थानों पर मोनपा का निवास है। ✓

Q.18

किसने प्रधानमंत्री को 'प्रायमस इंटर पेरस' (समकक्षों में सबसे आगे रहने वाला) और 'केबिनेट के प्रमुख स्तंभ' (Key Stone) के रूप में वर्णित किया?

(A) रॉनसूरे मुइर
(B) लॉर्ड मोरले ✓
(C) एच.जे.लास्की
(D) मुनरो

Q.19

राजस्थान के प्रथम लोकायुक्त कौन थे?

(A) जस्टिस प्रताप कृष्ण लोहरा
(B) जस्टिस एस.एस. कोठारी
(C) जस्टिस आई.डी. दुआ ✓
(D) जस्टिस जे.एल. गुप्ता

Q.20

राजस्थान मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है?

(A) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो
(B) 3 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो
(C) 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो
(D) 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो ✓

Q.21

निम्नलिखित में से राजस्थान राज्य की प्रथम महिला राज्यपाल (गवर्नर) कौन थीं?

(A) कमला बेनीवाल
(B) प्रतिभा पाटिल ✓
(C) प्रभा राव
(D) मार्गरिट अल्वा

Q.22

भारत के योजना आयोग का गठन __ को हुआ था।

(A) 26 जनवरी 1950
(B) 15 मार्च 1950 ✓
(C) 1 जनवरी 2015
(D) 2 अक्टूबर 1950

Q.23

वर्गीज कुरियन को भारत में किस क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है-

(A) हरित क्रांति
(B) लोहित (रक्त) क्रांति
(C) श्वेत क्रांति ✓
(D) नीली क्रांति

Q.24

राकेश अपनी आय का 80% खर्च करता है। यदि उसकी आय 14% से बढ़ जाती है और बचत 15% से घट जाती है, तो उसके खर्च में प्रतिशत वृद्धि होगी?

(A) 22.25%
(B) 25%
(C) 20%
(D) 21.25% ✓

Q.25

यदि m से n समानुपातिक हो एवं $m = 5$ जबकि $n = 4$ हो, जब $n = 20$ हो तब m का मूल्य क्या होगा?

(A) 28
(B) 22.5
(C) 25 ✓
(D) 20

Q.26

एक शीत संग्रहागार की लम्बाई उसकी चौड़ाई से दुगुनी है। उसकी ऊंचाई $3m$ है। इसकी चार दीवारों (दरवाजों को शामिल कर) का क्षेत्रफल $108m^2$ है। इसका आयतन ज्ञात कीजिए।

(A) $216m^3$ ✓
(B) $225m^3$
(C) $125m^3$
(D) $256m^3$

Q.27

विषम का चयन करें।

(A) एकत्र करना
(B) तितर-बितर होना ✓
(C) संकलित
(D) संचित करना

Q.28

पाँच दोस्त हैं सचिन, कमल, मोहन, अरुण और राम। सचिन का कद कमल से छोटा है पर राम से बड़ा है। मोहन का कद सबसे लंबा है। अरुण का कद कमल से थोड़ा कम है और सचिन से थोड़ा बड़ा है। कद से दूसरा सबसे बड़ा कौन है?

(A) राम
(B) अरुण
(C) कमल ✓
(D) सचिन

Q.29

अंग्रेजी शब्दकोश में निम्नलिखित में से कौन सा शब्द दूसरे नम्बर पर आएगा?

(A) Magnetic ✓
(B) Magical
(C) Maternal
(D) Magnify

Q.30

2004 में चन्दौली को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था। यह भारत के कौन से राज्य में है?

(A) पश्चिम बंगाल
(B) मेघालय
(C) महाराष्ट्र ✓
(D) हरियाणा

Q.31

किस राज्य की विधानसभा ने राज्य सरकार की नौकरियों में एस सी, एस टी, ओ. बी. सी. और ई. डब्ल्यू. एस. आरक्षण को 60% से बढ़ाकर 77% कर देने का विधेयक पारित किया?

(A) पश्चिम बंगाल
(B) आंध्र प्रदेश
(C) केरल
(D) झारखंड ✓

Q.32

कौनसा अनुच्छेद संसद को राष्ट्रीय हित में राज्य सूची में शामिल किसी भी मामले पर कानून बनाने का अधिकार देता है, यदि प्रस्ताव राज्य सभा द्वारा सदन में उपस्थित सदस्यों और मतदान के $2/3$ बहुमत के साथ पारित किया जाता है?

(A) अनुच्छेद 312
(B) अनुच्छेद 360
(C) अनुच्छेद 54
(D) अनुच्छेद 249 ✓

Q.33

निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध लिखित शब्द है-

a. वृश्चिक
b. प्रणायाम
c. ब्रम्ह
d. संगित
e. निष्क्रमण

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिएः

(A) केवल a और b
(B) केवल b और c
(C) केवल a और e ✓
(D) केवल a और d

Q.34

पत्र लेखन कला की प्रमुख विशेषताएं हैं-
a. स्पष्टता
b. सरलता
c. क्लिष्टता
d. दुरूह
e. संक्षिप्तता
नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) केवल c, d और b
(B) केवल c, d और a
(C) केवल c, d और e
(D) केवल a, b और e ✓

Q.35

संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार हिंदी देश की राजभाषा है?

(A) अनुच्छेद 234
(B) अनुच्छेद 283
(C) अनुच्छेद 343 ✓
(D) अनुच्छेद 243

Q.36

नीचे दो कथन दिए गए हैं :

कथन - I : कार्य (KARYA) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार का एक प्रोग्राम है।
कथन - II : कार्य (KARYA) का लक्ष्य केवल स्नातक के छात्रों को बुनियादी विज्ञानों के लघुकालिक शोध अवसरों को प्रदान करना है।
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं। ✓
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।
(C) कथन (I) सही है किन्तु कथन (II) गलत है।
(D) कथन (I) गलत है किन्तु कथन (II) सही है।

Q.37

डीजल इंजन ___ परिवर्तित करता है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) कैमिकल ऊर्जा से मकैनिकल ऊर्जा ✓
(B) कैमिकल ऊर्जा से इलेक्ट्रिक ऊर्जा
(C) इलेक्ट्रिक ऊर्जा से साउंड ऊर्जा
(D) न्यूक्लियर ऊर्जा से इलेक्ट्रिक ऊर्जा

Q.38

Read the passage and answer questions 38 to 41 :

"Stress"

All people have some stress in their lives. A little stress makes life interesting, and keeps you on your toes. However, too much stress can be unhealthy. You may find your life becoming stressful whenever there are changes in your environment, in your relationships, or in the demands you put on yourself. Stress can also be caused by good things in your life, such as getting a new job, moving to a new place, or getting married. How can you tell when your life is getting too "stressful"? You will probably find yourself always feeling rushed, as though you must hurry everywhere you go. There is never enough time to do everyting that you need to do. You may find yourself walking, talking, and eating more quickly than usual. Besides causing emotional problems, stress can also cause real physical problems. If you have too much stress in your life, you may suffer from stomach problems, headaches or neck and shoulder pain. Prevention is the best way to deal with stress. First of all, be organized- there is nothing so stressful as a disorganized life. Put your life and your surroundings (your home, apartment or desk at work or school) in order. Don't procrastinate. Stop putting things off. Do what needs to be done today. On the other hand, don't always feel that you have to do everyting right now. Learn to say "no" to activities and commitments that will only add more stress to your life. Remember that you are only human, and that you can only do one thing at a time. Learn to relax. Slow down. Take a break or a walk when you feel yourself getting stressed. Find a hobby that you enjoy. Reading, listening to music or creating something with your hands are all great ways to bring some peace to a hectic life. Learn to laugh at yourself and your life. Try to look on the bright side of life. Even when things seem pretty dark and stressful, there is usually a place for some humor and a smile.

What may cause stress? (Choose the most appropriate option from below)

(A) When you make changes in the demands you put on yourself. ✓

(B) When you relax and meditate.

(C) When you do Yoga.

(D) When you go on vacation with friends.

Q.39

Read the passage and answer questions 38 to 41 :

"Stress"

All people have some stress in their lives. A little stress makes life interesting, and keeps you on your toes. However, too much stress can be unhealthy. You may find your life becoming stressful whenever there are changes in your environment, in your relationships, or in the demands you put on yourself. Stress can also be caused by good things in your life, such as getting a new job, moving to a new place, or getting married. How can you tell when your life is getting too "stressful"? You will probably find yourself always feeling rushed, as though you must hurry everywhere you go. There is never enough time to do everyting that you need to do. You may find yourself walking, talking, and eating more quickly than usual. Besides causing emotional problems, stress can also cause real physical problems. If you have too much stress in your life, you may suffer from stomach problems, headaches or neck and shoulder pain. Prevention is the best way to deal with stress. First of all, be organized- there is nothing so stressful as a disorganized life. Put your life and your surroundings (your home, apartment or desk at work or school) in order. Don't procrastinate. Stop putting things off. Do what needs to be done today. On the other hand, don't always feel that you have to do everyting right now. Learn to say "no" to activities and commitments that will only add more stress to your life. Remember that you are only human, and that you can only do one thing at a time. Learn to relax. Slow down. Take a break or a walk when you feel yourself getting stressed. Find a hobby that you enjoy. Reading, listening to music or creating something with your hands are all great ways to bring some peace to a hectic life. Learn to laugh at yourself and your life. Try to look on the bright side of life. Even when things seem pretty dark and stressful, there is usually a place for some humor and a smile.

How to tell if you are too stressed out ? (Choose the most appropriate option from below)

(A) You feel full of energy and josh.

(B) You run short of time to do all you need to do. ✓

(C) You have time to volunteer for many social work.

(D) You are relaxed and take life easy.

Q.40

What is one of the appropriate way to manage stress? (Choose the most appropriate option from below)

(A) Plan and organise your work. ✓

(B) Rush all the activities you do.

(C) Take on many assignments together.

(D) Do everything by yourself and avoid delegation of work.

Q.41

Choose the most appropriate meaning of the idiom “to be on your toes” from the options below:

(A) Putting things off
(B) Look on the bright side
(C) Take a break
(D) be alert and ready for anything ✓

Q.42

‘सीमांत गांधी’ के नाम से किसे जाना जाता था?

(A) महात्मा गाँधी
(B) सरदार पटेल
(C) खान अब्दुल गफ्फार खान ✓
(D) मोहम्मद रसकूक

Q.43

यदि CAT = 48 हो, तो MOUSE के बराबर क्या है?

(A) 142
(B) 146 ✓
(C) 148
(D) 138

Q.44

रंजन उत्तर की ओर 15 किमी गया, उसके बाद दाहिने तरफ मुड़कर 10 किमी चला, उसके बाद बायीं ओर मुड़कर 20 किमी चला, तत्पश्चात्, बायीं तरफ मुड़कर 10 किमी तक चला। रंजन अपने प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर तक पहुँचा?

(A) 30 किमी
(B) 25 किमी
(C) 35 किमी ✓
(D) 45 किमी

Q.45

छात्राओं का एक समूह एक लाइन में खड़ा है। दोनों किनारों से एक छात्रा 19 वें क्रम में खड़ी है। कक्षा में कुल कितनी छात्राएँ हैं?

(A) 40
(B) 38
(C) 35
(D) 37 ✓

Q.46

सिंधु नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी (ट्राइब्यूटरी) कौनसी है-

(A) चेनाब ✓
(B) झेलम
(C) सतलुज
(D) व्यास

Q.47

प्रसिद्ध सिख गुरुद्वारा 'हेमकुंड साहिब' कहाँ स्थित है?

(A) सिक्किम हिमालय
(B) जांस्कर हिमालय
(C) गढ़वाल हिमालय ✓
(D) कुंमाऊं हिमालय

Q.48

सेवन, धमन और कराड़ किसके प्रकार हैं?

(A) घास के प्रकार ✓
(B) राजस्थानी चित्रकला (पेंटिंग्स) रूप के प्रकार
(C) लोक नृत्य के प्रकार
(D) मरुस्थल मृदा

Q.49

एक आयत की परिमाप 90m है। यदि इसकी लम्बाई चौड़ाई से दुगुनी हो, तो इसका क्षेत्रफल है?

(A) 460 m^2
(B) 420 m^2
(C) 450 m^2 ✓
(D) 380 m^2

Q.50

A और B की औसत मासिक आय ₹ 6,000 है, B एवं C की औसत मासिक आय ₹ 5,500 और A और C की औसत मासिक आय ₹ 5,250 है, तब A की मासिक आय क्या होगी?

(A) ₹ 6,250
(B) ₹ 6,450
(C) ₹ 5,750 ✓
(D) ₹ 6,200

Q.51

A अपने मित्र B से 31 दिसम्बर 2011 को ₹ 2000 उधार लेता है जिसकी शर्त है कि वह एक वर्ष बाद 8% वार्षिक साधारण ब्याज से उसे वापस भुगतान कर देगा। लेकिन A उस राशि को 1 जुलाई 2012 को वापस कर देता है। अब उसे B को कितना ब्याज देना पड़ेगा?

(A) ₹ 80 ✓
(B) ₹ 90
(C) ₹ 100
(D) ₹ 120

Q.52

निम्नलिखित में से किन शब्दों में 'प्रति' उपसर्ग का प्रयोग है?

a. प्रत्येक
b. प्रयोग
c. प्रसार
d. प्रतिकार
e. प्रत्यक्ष

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल a, b और c
(B) केवल b, c और d
(C) केवल c, d और e
(D) केवल a, d और e ✓

Q.53

निम्न में से 'अगम' का सबसे उपयुक्त विलोम शब्द चुनिये:

(A) लभ्य
(B) सुगम ✓
(C) अल्प
(D) विग्रह

Q.54

जिस वाक्य में 'वह', 'यह', 'तब', 'तो', 'या' इत्यादि लुप्त हों, वहाँ किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?

(A) योजक चिह्न
(B) उद्धरण चिह्न
(C) अल्पविराम ✓
(D) पूर्णविराम

Q.55

नीचे दो कथन दिए गए हैं :

कथन - I : 'र' अन्तःस्थ व्यंजन वर्ण है।
कथन - II : 'ई' का उच्चारण स्थान तालु है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) कथन I और II दोनों सत्य हैं। ✓
(B) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।

Q.56

निम्नलिखित में से कौन-सी राजस्थान की दो नकदी फसलें हैं?

(A) बाजरा और धनिया
(B) जौ और तिलहन
(C) कपास और तंबाकू ✓
(D) गेहूँ और चावल

Q.57

इंदिरा गाँधी नहर निम्न में से राजस्थान के किस जिले में समाप्त होती है-

(A) जोधपुर
(B) जैसलमेर ✓
(C) भरतपुर
(D) उदयपुर

Q.58

किस शहर को 'राजस्थान का खाद्य टोकरा' के रूप में जाना जाता है?

(A) बीकानेर
(B) अजमेर
(C) अलवर
(D) गंगानगर ✓

Q.59

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें:

a. ब्रिटिश संसद ने 05 जुलाई, 1947 को भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया।
b. यह अधिनियम माउंट बेटन की योजना पर आधारित था।
c. अधिनियम ने 10 अगस्त, 1947 को रॉयल स्वीकृति प्राप्त की।
d. अधिनियम (एक्ट) 15 अगस्त, 1947 को लागू कर दिया था।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) केवल a, b और c
(B) केवल a, b और d ✓
(C) केवल a, c और d
(D) केवल b, c और d

Q.60

महाराष्ट्र प्रोविंसियल सम्मेलन मई-1928 में किसने घोषणा की "महिलाओं की स्थिति का उत्थान होना चाहिए और महिलाओं को जनता के मुद्दों में वृहद और अधिक समझ से रुचि लेने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए"?

(A) महात्मा गाँधी
(B) जे. एल. नेहरू
(C) सुभाष चन्द्र बोस ✓
(D) भगत सिंह

Q.61

'?' के स्थान पर कौन सा अंक आएगा? 60, 45, 32, 21, ?

(A) 14
(B) 11
(C) 16
(D) 12 ✓

Q.62

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.63

कुछ प्रतीकों को अक्षरों द्वारा दर्शाया गया है जैसा कि नीचे दिखाया गया है:

+ - × ÷ = > <

B G E C D A F

निम्न में से कौन सा सर्वाधिक उपयुक्त व्यंजक है?

(A) 15C 5F 8C 4B 6C 3 ✓

(B) 15A 5E 8C 4B 6E 3

(C) 15C 15B 8 F 4B 6C 2

(D) 15B 5G 8B 4G 6F 3

Q.64

गोंडवाना कोयले के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) गोंडवाना कोयला कार्बोनिफेरस काल से संबंधित है।

(B) यह दामोदर, महानदी, गोदावरी और नर्मदा घाटी में पाया जाता है।

(C) यह मुख्यतः पीट और लिग्नाइट प्रकार का कोयला है। ✓

(D) रानीगंज, झरिया, टाटापानी और हिमगिरी, गोंडवाना रचना की कुछ प्रमुख कोयला खानें हैं।

Q.65

कत्था कौन-से वृक्ष की आंतरिक लकड़ी से प्राप्त किया जाता है?

(A) कुल वृक्ष

(B) कुसुम पेड़

(C) खैर पेड़ ✓

(D) शहतूत पेड़

Q.66

आपको दिए गए दो कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, आपको यह तय करना है कि कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है?

कथन I : कोई भी सेब, केला नहीं है।
कुछ केले, अंगूर नहीं हैं।

निष्कर्ष II : I. कोई भी सेब, अंगूर हैं।
II. सभी सेब, अंगूर होने की संभावना है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। ✓

(C) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

(D) न तो I और न ही II अनुसरण करता है।

Q.67

अनूप ने मुन्ना से कहा, "कल मैंने अपनी दादी की पुत्री के इकलौते भाई को हरा दिया।" अनूप ने किसे हराया?

(A) भाई को

(B) पिता जी को ✓

(C) पुत्र को

(D) चचेरे भाई को

Q.68

निम्नलिखित में से कौन-सा "जीवाश्म पार्क" है?

(A) अकाल वुड ✓
(B) केवलादेव घाना
(C) सरिस्का
(D) रणथम्भौर

Q.69

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राजस्थान की सहरिया जनजाति के बारे में सही नहीं है?

(A) सहरिया का निवास दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में है और वह भी बारां जिले के शाहबाद और किशनगंज तहसील तक ही सीमित है।
(B) इनमें चौहान, डोडिया आदि जैसे "गोत्र" होते हैं।
(C) इस जनजाति के मुखिया को तपाड़ा कहा जाता है। ✓
(D) वे कई देवी व देवताओं की पूजा करते हैं परन्तु उनके इष्ट देव "बेहरू भारानी" हैं।

Q.70

भारत के निम्नलिखित राज्यों / केन्द्रशासित प्रदेश को 2011 की जनगणना के आधार पर जनसंख्या घनत्व के अनुसार अवरोही (घटते) क्रम में व्यवस्थित कीजिए। a. केरल b. पश्चिम बंगाल c. दिल्ली d. बिहार नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, d, c, b
(B) c, d, b, a ✓
(C) c, a, d, b
(D) a, d, b, c

Q.71

नीचे दो कथन दिए गए हैं: **कथन (I)** : जलोढ़ मिट्टी में पर्याप्त मात्रा में पोटाश, फॉस्फोरिक एसिड और चूना पाया जाता है, जो गन्ना, धान, गेहूं और अन्य अनाज और दलहन फसलों के उत्पादन के लिए आदर्श हैं। **कथन (II)** : इस मिट्टी में पर्याप्त मात्रा में नाइट्रोजन पायी जाती है। उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।

(A) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।
(C) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है। ✓
(D) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।

Q.72

पिचौला (पिछौला) झील, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस स्थान में पायी जाती है?

(A) उदयपुर ✓
(B) अजमेर
(C) भीलवाड़ा
(D) करौली

Q.73

कूचामणी ख्याल के बारे में निम्न में से कौन-से कथन सही हैं? a. कूचामणी ख्याल प्रसिद्ध लोक नाट्यकार लच्छी राम द्वारा शुरू किया गया था। b. चाँद नीलगिरी, राव रिदमल और मीरा मंगल, लच्छी राम द्वारा रचित प्रमुख ख्याल हैं। c. कूचामणी ख्याल एक मुक्त नाट्यशाला (थिएटर) में निष्पादित नहीं किया जाता है। d. इस ख्याल में ढोल, सारंगी, शहनाई और ढोलक वादक मुख्य सहयोगी होते हैं। नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) केवल b, c और d
(B) केवल a, c और d
(C) केवल a, b और c
(D) केवल a, b और d ✓

Q.74

चन्द्र मीणा पर विजय का उत्सव मनाने के लिए कच्छवाहों द्वारा कौनसा मेला शुरू किया गया?

(A) पुष्कर मेला
(B) खलकणी माता डंकी मेला ✓
(C) भर्तृहरि मेला
(D) डिग्गी कल्याणजी मेला

Q.75

Choose the most appropriate antonym of the word “Ancient” from below :

(A) Destroy
(B) Modern ✓
(C) Insult
(D) Rough

Q.76

For the sentence given, choose the most appropriate answer in reported speech from the options below:
Ravi said, “My mother is going to her home town.”

(A) Ravi said that his mother will go to her home town.
(B) Ravi said that his mother has gone to her home town.
(C) Ravi said that his mother was going to her home town. ✓
(D) Ravi said that his mother had gone to her home town.

Q.77

किसके द्वारा 1859 में, ‘रिलीफ ऑफ लखनऊ’ चित्र (painting) बनायी गयी थी?

(A) ओबम
(B) हेवलॉक
(C) थॉमस जोन्स बार्कर ✓
(D) केम्पबेल

Q.78

डॉ. एस. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग की स्थापना कौन से वर्ष में हुई?

(A) 1947
(B) 1948 ✓
(C) 1951
(D) 1953

Q.79

नीचे दो कथन दिए गए हैं: **कथन (I)** : भारत की स्वतंत्रता के बाद रियासतों के कई शासक संविधान सभा में जुड़ने के विरुद्ध थे। **कथन (II)** : शाही रजवाड़ों की इस अनुक्रिया का अर्थ था कि स्वतंत्रता के बाद एक बड़ी संभावना थी कि भारत कई छोटे देशों में बँट जाता। उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं। ✓
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(C) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(D) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।

Q.80

राजस्थान के निम्न में से कौनसा जिला वर्ष 2022-23 में राज्य में गेहूँ के सर्वाधिक उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?

(A) बूंदी
(B) कोटा
(C) श्री गंगानगर ✓
(D) जैसलमेर

Q.81

राजस्थान राज्य में निम्नलिखित में से कौन सा एक कृषि आधारित उद्योग नहीं है?

(A) दाल मिलें
(B) चावल मिलें
(C) लौह और इस्पात उद्योग ✓
(D) कपास उद्योग

Q.82

निम्नलिखित में से कौन-सा वेब ब्राउज़र नहीं है?

(A) मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स
(B) सफारी
(C) ओपेरा
(D) जीमेल ✓

Q.83

निम्नलिखित में से कौन से कथन भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के बारे में सही नहीं हैं?

a. कैग (CAG) को भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नियुक्त किया जाता है।
b. भारत के राष्ट्रपति के अनुमोदन पर कैग (CAG) को हटाया जा सकता है।
c. कैग (CAG) का वेतन और भत्ते भारत की समेकित निधि से दिये जाते हैं।
d. कैग (CAG) का कार्यकाल 5 साल के लिए निश्चित रहता है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) केवल a, c और d
(B) केवल a, b और c
(C) केवल b, c और d
(D) केवल a, b और d

Q.84

भारतीय संविधान के निम्नलिखित प्रावधानों में से कौन-सा प्रावधान मंत्रिपरिषद की नियुक्ति तथा पदच्युति को विवेचित करता है?

(A) अनुच्छेद 70
(B) अनुच्छेद 72
(C) अनुच्छेद 74
(D) अनुच्छेद 75 ✓

Q.85

जिस दर से भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को धन उधार देता है, उसे ____ कहते हैं।

(A) सी. आर. आर.
(B) रिवर्स रेपो रेट
(C) एस. एल. आर.
(D) रेपो रेट ✓

Q.86

बजट 2024-25 की घोषणा के अनुसार राजकोषीय घाटा वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद का ____ रहने का अनुमान है।

(A) 5.1%
(B) 5.5%
(C) 5.8 %
(D) 4.9% ✓

Q.87

भारत सरकार ने किस वर्ष में भारत की नवीन आर्थिक नीति का शुभारंभ किया? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) 1990
(B) 1993
(C) 1992
(D) 1991 ✓

Q.88

भारत में निम्नलिखित में से खाद्यान्न के वितरण की मुख्य जिम्मेदारी किसकी है-

(A) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
(B) कर्मचारियों का राज्य बीमा
(C) भारतीय मानक संस्थान
(D) भारतीय खाद्य निगम ✓

Q.89

किस देश के सशस्त्र बलों को दिसंबर 2023 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उन्हें 'गोल्डन आउल' सम्मान से सुसज्जित किया है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) भारत ✓
(B) चीन
(C) श्रीलंका
(D) सिंगापुर

Q.90

उत्तराखंड उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है?

(A) रूमा पाल
(B) रितु बाहरी ✓
(C) हिमा कोहली
(D) इंदिरा बनर्जी

Q.91

निम्नलिखित में से कौन सा सोशल मीडिया का माध्यम (मोड) नहीं है?

(A) फेसबुक
(B) ट्विटर
(C) ब्रॉडबैंड ✓
(D) ब्लॉगिंग

Q.92

निम्न में से भारत में जन्मी, कौन सी अंतरिक्ष यात्री थी जिनकी वापसी के दौरान कोलंबिया के अंतरिक्ष यान में मृत्यु हो गई थी?

(A) रितु करिधल
(B) सिरिशा बांदला
(C) कल्पना चावला ✓
(D) सुनीता विलियम्स

Q.93

निम्नलिखित में से कौन सी राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) से संबंधित परियोजनाएँ नहीं हैं?

(A) यू.आई.डी. ✓
(B) ऑडियो एनालिटिक्स
(C) राजबोट
(D) राजस्व खुफिया और विश्लेषण

Q.94

दिए गए हिंदी शब्द के लिए, नीचे दिए गए विकल्पों में से अंग्रेजी का सबसे उपयुक्त शब्द चुनें:

असमर्थनीय

(A) tenable
(B) acceptable
(C) unacceptable
(D) untenable ✓

Q.95

कंप्यूटर की कौन सी पीढ़ी से इंटीग्रेटेड सर्किट (आई. सी.) का उपयोग शुरू हुआ है?

(A) पहली पीढ़ी
(B) दूसरी पीढ़ी
(C) तीसरी पीढ़ी ✓
(D) चौथी पीढ़ी

Q.96

तारों का एक समूह जो एक साथ बिट्स के एक समूह को ले जाता है, यानी समानांतर में, और एक संबंधित नियंत्रण योजना के रूप में जाना जाता है:

(A) तारों
(B) डेटा केबल
(C) बस ✓
(D) रजिस्टर

Q.97

प्रथम भारतीय उपग्रह का नाम है:

(A) आर्यभट्ट ✓
(B) कल्पना
(C) भास्कर-I
(D) इनसेट-I

Q.98

टेलीफोन उपकरण का वह कौन सा भाग है जो आवाज को स्वीकार करता है और उस सूचना को विद्युत चुम्बकीय तरंगों के रूप में भेजता है?

(A) रिसीवर
(B) केबल
(C) डायलर
(D) माऊथ पीस ✓

Q.99

ओलंपिक 2024 में भारत पदक तालिका में _____ स्थान पर रहा?

(A) 17 वें
(B) 71 वें ✓
(C) 37 वें
(D) 91 वें

Q.100

किस राज्य ने आउटलुक प्लेनेट सस्टेनेबिलिटी समिट एंड अवार्ड्स 2024 की मेजबानी की?

(A) राजस्थान
(B) महाराष्ट्र
(C) गोवा ✓
(D) तमिलनाडु

Q.101

'Deputation' शब्द का हिंदी समानार्थक शब्द होगा-

(A) शिष्ट मण्डल नियुक्ति
(B) शिष्ट मण्डल
(C) प्रतिनियुक्ति ✓
(D) नियुक्त

Q.102

निम्नलिखित में से 'लिंग सम्बन्धी' अशुद्ध वाक्य है-

(A) श्याम संन्यासी है।
(B) रंजना अध्यापिका है।
(C) वह स्त्री अपराधिनी है।
(D) हवन सामग्री जल गया। ✓

Q.103

'अंधा होना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(A) बिना विचारे व्यय
(B) एक ही सहारा
(C) धोखा देना
(D) विवेक भ्रष्ट होना ✓

Q.104

निम्नलिखित किन शब्दों में 'गुण सन्धि' है?

a. सत्येन्द्र
b. स्वेच्छा
c. प्रत्यक्ष
d. वित्तैषणा
e. न्यून

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) केवल d और c
(B) केवल e और a
(C) केवल a और b ✓
(D) केवल c और d

Q.105

नीचे दो कथन दिए गए हैं :

कथन - I : अकर्मक क्रियाओं का सीधा सम्बन्ध कर्त्ता से नहीं होता। इनका फल स्वयं कर्त्ता पर पड़ने से दूर रहता है।

कथन - II : सकर्मक क्रियाओं का फल कर्म पर पड़ता है। कर्म के बिना उनका अर्थ पूरा नहीं हो सकता।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(B) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(C) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(D) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है। ✓

Q.106

'आनंदमग्न' का समास विग्रह होगा-

(A) आनंद में डूबा हुआ ✓
(B) आनंद ही आनंद
(C) आनंदित होना
(D) आनंद आना

Q.107

निम्न में से कौनसा भारत में बृहत् श्रेणी का उद्योग नहीं है?

(A) लौह और इस्पात उद्योग
(B) सूती कपड़ा उद्योग
(C) पटसन उद्योग
(D) खादी और ग्रामोद्योग ✓

Q.108

नीति आयोग के प्रथम उपाध्यक्ष कौन थे-

(A) रघुराम राजन
(B) पीयूष गोयल
(C) निर्मला सीतारमण
(D) अरविन्द पनगड़िया ✓

Q.109

निम्नलिखित में से किस बजट वर्ष से रेलवे का बजट संघ के बजट में शामिल किया गया?

(A) 2017-18 ✓
(B) 2018-19
(C) 2015-16
(D) 2016-17

Q.110

In the sentence given, replace the underlined words, choosing the most suitable idiom from the options below: He was arrested <u>without being given a reason</u>.

(A) over and above
(B) for no rhyme or reason ✓
(C) at odds and ends
(D) out and out.

Q.111

For the given sentence, choose the most appropriate answer from the options below: The language and style of a formal letter is-

(A) lengthy
(B) chatty
(C) very friendly
(D) polite and brief ✓

Q.112

निम्नलिखित में कौन सा शब्द विदेशी है?

(A) खिड़की
(B) तूफान ✓
(C) मसान
(D) चिमटा

Q.113

निम्नलिखित में से बिजली का सबसे उपयुक्त पर्यायवाची चुनियेः

(A) चंचला ✓
(B) तनय
(C) कांता
(D) तीर

Q.114

Complete the sentence by choosing the most suitable article from the options given below: Please get me ___ umbrella when I go out shopping as the monsoons are approaching.

(A) the
(B) a
(C) No Article
(D) an ✓

Q.115

Complete the sentence by choosing the most appropriate preposition from the options given below: I reached the school ___ the gates closed.

(A) later
(B) before ✓
(C) by
(D) from

Q.116

Match List-I with List-II:

List-I (Words)	List-II (Synonyms)
a. generous	I. esteem
b. honour	II. ridiculous
c. absurd	III. achieve
d. accomplish	IV. charitable

Choose the most appropriate answer from the options given below:

(A) a - I, b - II, c - III, d - IV
(B) a - III, b - IV, c - I, d - II
(C) a - IV, b - I, c - II, d - III ✓
(D) a - II, b - III, c - IV, d - I

Q.117

हाल ही में निम्न में से किस भारतीय का चयन 'स्वर्णिम पर्यावरण पुरस्कार 2024' हेतु हुआ है?

(A) रमेश अग्रवाल
(B) आलोक शुक्ला ✓
(C) तुलसी गौड़ा
(D) राजेन्द्र सिंह

Q.118

भारत में निम्नलिखित में से कौन सा रामसेतु का प्रारंभिक बिंदु है?

(A) अरिचल मुनई ✓
(B) शिवगंगा
(C) तंजावुर
(D) मदुरई

Q.119

किस मंत्रालय ने 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 - मेरा शहर मेरी पहचान' का सर्वेक्षण प्रारम्भ किया? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) जल शक्ति मंत्रालय
(B) पर्यटन मंत्रालय
(C) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ✓
(D) एम. एस. एम. ई. मंत्रालय

Q.120

राजस्थान में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) ____ वर्ष से लागू की गई थी।

(A) 2015-16 ✓
(B) 2017-18
(C) 2019-20
(D) 2020-21

Q.121

राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान निम्न में से किस शहर में स्थित है?

(A) जयपुर ✓
(B) माउंट आबू
(C) जोधपुर
(D) उदयपुर

Q.122

रामगंज मंडी, जिसे धनिया शहर के नाम से जाना जाता है, निम्नलिखित में से राजस्थान के किस शहर के नजदीक स्थित है?

(A) उदयपुर
(B) श्रीगंगानगर
(C) कोटा ✓
(D) जोधपुर

Q.123

राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य सीट (प्रिंसिपल सीट) कहाँ स्थित है?

(A) बाड़मेर
(B) अजमेर
(C) कोटा
(D) जोधपुर ✓

Q.124

वर्ष 2023 में राजस्थान के राज्य चुनाव आयुक्त कौन थे?

(A) मधुकर गुप्ता ✓
(B) अमर सिंह राठौर
(C) एन.आर. भसीन
(D) इंद्रजीत खन्ना

Q.125

खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व किसके द्वारा किया गया था-

(A) बाल गंगाधर तिलक और विपिन चन्द्र पाल
(B) महाराजा हरि सिंह और शौकत अली
(C) महात्मा गाँधी और खान अब्दुल गफ्फार खान
(D) मुहम्मद अली और शौकत अली ✓

Q.126

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा सन् 1947 के 14-15 अगस्त की मध्यरात्रि को दिए गए प्रसिद्ध भाषण को किस नाम से जाना जाता है-

(A) ट्रिस्ट विद डेस्टिनी ✓
(B) होप फॉर द बेटर फ्यूचर
(C) विंगस ऑफ चैलेन्जेस
(D) इन्डिपेन्डेंट इंडिया

Q.127

राजस्थान के एकीकरण के चौथे चरण में किन चार रियासतों का बृहत्तर राजस्थान में विलय हुआ?

(A) कोटा, टोंक, बूंदी, झालावाड़
(B) प्रतापगढ़, डूंगरपुर, किशनगढ़, शाहपुरा
(C) अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली
(D) जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर ✓

Q.128

नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में स्वतंत्र भारत की अस्थायी (प्रोविजनल) सरकार की स्थापना की घोषणा किस तारीख को की थी?

(A) 21 अक्टूबर 1943 ✓
(B) 22 अक्टूबर 1943
(C) 23 अक्टूबर 1943
(D) 24 अक्टूबर 1943

Q.129

"बालाथल सभ्यता" का पुरातत्त्व स्थल कहाँ स्थित है?

(A) वल्लभनगर, उदयपुर ✓
(B) माउन्ट आबू, सिरोही
(C) हनुमानगढ़
(D) अजमेर

Q.130

किस वर्ष में पृथ्वी राज III ने महोबा के शासक चन्देल को हराया था?

(A) 1181 ई.
(B) 1182 ई. ✓
(C) 1191 ई.
(D) 1192 ई.

Q.131

उदयपुर का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल "सहेलियों की बाड़ी" किसके द्वारा बनवाया गया था ।

(A) महाराणा शंभू सिंह-I
(B) महाराणा संग्राम सिंह-II ✓
(C) महाराजा सूरजमल
(D) महाराजा उदय सिंह

Q.132

'राणे जगपत रा मरास्या' किस शासक की मृत्यु का शोक मनाने के लिए लिखी गयी थी?

(A) महाराजा जनक सिंह
(B) महाराजा जगत सिंह ✓
(C) महाराजा जीवन सिंह
(D) महाराजा जयदीप सिंह

Q.133

निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध कलाकार ने भारत उत्सव में 'बहरूपिया कला' में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया?

(A) जमना लाल भट्ट
(B) जानकी लाल भांड ✓
(C) अमर सिंह राठौड़
(D) जय सिंह राठौड़

Q.134

सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए:

सूची-I (छतरी)	सूची-II (स्थान)
a. सवाई जय सिंह की छतरी	I. अलवर
b. मूसी रानी की छतरी	II. रामगढ़
c. गोपाल सिंह की छतरी	III. गैटोर
d. सेठों की छतरी	IV. करौली

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a - I, b - II, c - III, d - IV
(B) a - II, b - I, c - IV, d - III
(C) a - IV, b - III, c - I, d - II
(D) a - III, b - I, c - IV, d - II ✓

Q.135

'वागड़ की मीरा' के नाम से कौन प्रसिद्ध है?

(A) राणा बाई
(B) कर्मावती
(C) गवरी बाई ✓
(D) पन्ना धाय

Q.136

भारत में नीली क्रांति किस कालावधि में प्रारम्भ की गई थी-

(A) 1985-1990 ✓
(B) 1990-1995
(C) 1975-1980
(D) 1980-1985

Q.137

राजस्थान पूरे देश में निम्नलिखित में से किसका सर्वाधिक उत्पादक राज्य है?

(A) गेहूँ
(B) चावल
(C) ऊन ✓
(D) चाय

Q.138

राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन सा बांध है जिसका सिंचाई और जल विद्युत दोनों के लिए उपयोग किया जाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) राम सागर बांध
(B) राणा प्रताप सागर बांध ✓
(C) मेजा बांध
(D) जवाई बांध

Q.139

निम्नलिखित में से कौन सा कर राजस्थान राज्य सरकार द्वारा लगाया व संग्रहित नहीं किया जाता है?

(A) कृषि आय पर कर
(B) भूमि और संरचना पर कर
(C) सड़क/वाहन कर
(D) आय कर ✓

Q.140

निम्नलिखित में से कौनसी भारतीय संविधान की एक मुख्य विशेषता नहीं है-

(A) सबसे लंबा लिखित संविधान
(B) दोहरी नागरिकता ✓
(C) एकीकृत और स्वतंत्र न्यायपालिका
(D) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार

Q.141

स्टोरेज स्पेस के आकार के अनुसार निम्न में से कौन-सा विकल्प अवरोही (घटते) क्रम में व्यवस्थित है?

(A) MB, KB, Byte, Nibble ✓
(B) Nibble, KB, MB, GB
(C) Bit, MB, Nibble, KB
(D) Bit, GB, KB, MB

Q.142

परम ____ की एक श्रृंखला है, जिसे सिडैक, पुणे द्वारा भारत में असेम्बल किया गया।

(A) मिनी कंप्यूटर
(B) सुपर कंप्यूटर ✓
(C) माइक्रो कंप्यूटर
(D) मेनफ्रेम कंप्यूटर

Q.143

कंप्यूटर की कौन सी पीढ़ी में सर्किटरी और मैग्नेटिक ड्रम मेमोरी के लिए वैक्यूम ट्यूब का उपयोग किया जाता है?

(A) पहली पीढ़ी ✓
(B) दूसरी पीढ़ी
(C) तीसरी पीढ़ी
(D) चौथी पीढ़ी

Q.144

निम्न में से किस राज्य में दुदुमा जलप्रपात स्थित है-

(A) झारखंड
(B) ओडिशा ✓
(C) पश्चिम बंगाल
(D) आंध्रप्रदेश

Q.145

ब्रह्मपुत्र नदी के बायें तट की सहायक नदी का नाम बताइए-

(A) बुरही दिहिंग ✓
(B) संकोश
(C) सुबनसिरी
(D) कामेंग

Q.146

पश्चिमी घाटों को किस राज्य में 'सह्याद्रि' के नाम से जाना जाता है-

(A) तमिलनाडु
(B) केरल
(C) कर्नाटक
(D) महाराष्ट्र ✓

Q.147

बाइफोकल लेंस का उपयोग निम्नलिखित में से किसकी कमी को दूर करने के लिए किया जाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) मोतियाबिंद
(B) हाइपरमेट्रोपिया
(C) निकट दृष्टि दोष
(D) जरा-दूरदृष्टिता दोष (बुढ़ापे में) ✓

Q.148

वयस्क मानव दंत सूत्र है:

(A) $\frac{2123}{2123}$ ✓
(B) $\frac{2213}{2213}$
(C) $\frac{2112}{2112}$
(D) $\frac{2122}{2122}$

Q.149

नीचे दो कथन दिए गए हैं:

कथन I : रक्त आधान (ट्रांसफ्यूजन) एक पद्धति है जिसमें एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के परिसंचरण तंत्र में रक्त उत्पादों अथवा रक्त को संचारित किया जाता है।

कथन II : पहला रक्त संचरण कार्ल लैण्डस्टीनर द्वारा किया गया था।


उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :

(A) कथन (I) और कथन (II) दोनों सत्य हैं।
(B) कथन (I) और कथन (II) दोनों असत्य हैं।
(C) कथन (I) सत्य है किंतु कथन (II) असत्य है। ✓
(D) कथन (I) असत्य है किंतु कथन (II) सत्य है।

Q.150

निम्नलिखित में से किसका मिलान सही नहीं है?

(A) प्लास्टर ऑफ पेरिस - $CaSO_4 \cdot \frac{1}{2}H_2O$
(B) बेकिंग सोडा - $NaHCO_3$
(C) वाशिंग सोडा - Na_2CO_3
(D) ब्लीचिंग पाउडर - CaO ✓



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in